Ministry of Information & Broadcasting
Government of India
WAVES WORLD AUDIO VISUAL & ENTERTAINMENT SUMMIT
Connecting Creators, Connecting Countries.

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

# वेव्स 2025 आयोजन से पहले इनोवेट2एजुकेट: हैंडहेल्ड डिवाइस डिजाइन चैलेंज के शीर्ष 10 फाइनलिस्ट की घोषणा की गई

Posted On: **09 APR 2025 6:20PM** | Location: **PIB Delhi**

इंडियन डिजिटल गेमिंग सोसाइटी (आईडीजीएस) ने इनोवेट2एजुकेट: हैंडहेल्ड डिवाइस डिजाइन चैलेंज के शीर्ष 10 फाइनलिस्ट की घोषणा की है। आगामी विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) 2025 के हिस्से के रूप में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से आईडीजीएस द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रौद्योगिकी, शिक्षा और गेमिंग के क्षेत्र में युवाओं के बीच नवाचार को बढ़ावा देना और ऐसे सफल विचारों और हैंडहेल्ड उपकरणों के डिजाइन को प्रेरित करना है जो सीखने के अनुभवों में आधुनिक बदलाव ला सकते हैं।

वेव्स 2025 में क्रिएट इन इंडिया चैलेंज की एक प्रमुख पहल के रूप में शुरू की गई इनोवेट2एजुकेट चैलेंज ने दुनिया भर के छात्रों, डिजाइनरों, स्टार्टअप्स और तकनीक के प्रति उत्साही लोगों को अगली पीढ़ी के पोर्टेबल उपकरणों की कल्पना करने के लिए आमंत्रित किया, जो विविध उपयोगकर्ता समूहों के लिए मनोरंजन और शिक्षा का मिश्रण करते हैं।

उद्योग जगत के अग्रजों, प्रौद्योगिकीविदों, शिक्षकों और डिजाइनरों वाले विशेषज्ञ जूरी पैनल द्वारा कठोर मूल्यांकन के बाद 1856 पंजीकरणों में से शीर्ष 10 फाइनलिस्ट का चयन किया गया है। निर्णायक मंडल में एरुडिटियो के सह-संस्थापक श्री इंद्रजीत घोष, ह्यूइऑन के इंडिया और सार्क के कंट्री मैनेजर श्री राजीव नागर और स्क्विड अकादमी के सह-संस्थापक और उत्पाद प्रमुख श्री जेफरी क्रे शामिल हैं।

ये 10 फाइनलिस्ट हैं:

1. **कर्नाटक पर्व** - कोड क्राफ्ट जूनियर (कर्नाटक)
2. **विद्यार्थी** - बच्चों के लिए स्मार्ट लर्निंग टैबलेट: एक इंटरैक्टिव और अनुकूली शैक्षिक साथी (कर्नाटक और आंध्र प्रदेश)
3. **टेक टाइटन्स** - इंटरैक्टिव लेखन सहायता के साथ स्मार्ट हैंडराइटिंग लर्निंग डिवाइस (तमिलनाडु)
4. **प्रोटोमाइंड्स** - एडुस्पार्क (दिल्ली, केरल, यूपी, बिहार)
5. **एपेक्स अचीवर्स** - बोडमास क्वेस्ट: स्मार्ट शिक्षा के लिए गेमिफाइड मैथ लर्निंग (तमिलनाडु)
6. **साइंसवर्स** - बच्चों के लिए इंटरैक्टिव शैक्षिक हैंडहेल्ड डिवाइस की अनिवार्यता (इंडोनेशिया)
7. **वी20 - वीफिट** - खेल के माध्यम से इंटरैक्टिव लर्निंग (तमिलनाडु)
8. **वारियर्स** - महा-शास्त्र (देही)
9. **किडीमैत्री** - हैंडहेल्ड गणितीय गेमिंग कंसोल (मुंबई, ओडिशा, कर्नाटक)
10. **ई-ग्रूटस** - माइक्रो कंट्रोलर मास्टरी किट (तमिलनाडु)

प्रतियोगिता के बारे में बात करते हुए, भारतीय डिजिटल गेमिंग सोसाइटी के अध्यक्ष श्री राजन नवानी ने कहा कि इस चुनौती ने यह प्रदर्शित किया है कि किस प्रकार भारत की रचनात्मक और तकनीकी प्रतिभाएं गेमीफिकेशन और इंटरैक्टिव सामग्री की ताकत का लाभ उठाते हुए वास्तविक शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने वाले समाधान डिजाइन कर सकती हैं।

इनोवेट2एजुकेट चैलेंज के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के नोडल अधिकारी श्री आशुतोष मोहले ने कहा कि वेव्स हैंडहेल्ड वीडियोगेम डिजाइन चैलेंज सिर्फ गेमिंग के बारे में नहीं है - यह भारत के हार्डवेयर इकोसिस्टम में इनोवेशन की एक नई लहर को आगे बढ़ाने के बारे में है। उन्होंने कहा, "माइक्रोकंट्रोलर का लाभ उठाकर और भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के लक्ष्यों के साथ तालमेल बिठाकर, हम युवाओं को रचनात्मकता और प्रौद्योगिकी के संयोजन में सपने देखने, डिज़ाइन करने और निर्माण करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।"

शीर्ष 10 शॉर्टलिस्ट की गई टीमें मुंबई में वेव्स 2025 के दौरान एक विशेष शोकेस में अपने विचार प्रस्तुत करेंगी। चुनौती के विजेताओं को मंत्रालय द्वारा ग्रैंड फिनाले में सम्मानित किया जाएगा।

**इंडियन डिजिटल गेमिंग सोसाइटी के बारे में**

आईडीजीएस भारत में वीडियो गेमिंग और ईस्पोर्ट्स, इंटरैक्टिव मीडिया और डिजिटल मनोरंजन को बढ़ावा देने वाला अग्रणी उद्योग निकाय है, जो प्रतिभा विकास, नवाचार और उद्योग जुड़ाव को बढ़ावा देता है।

**वेव्स के बारे में**

मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर साबित होने वाला पहला विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) भारत सरकार द्वारा 1 से 4 मई, 2025 तक मुंबई, महाराष्ट्र में आयोजित किया जाएगा।

चाहे आप उद्योग के पेशेवर हों, निवेशक हों, निर्माता हों या नवप्रवर्तक हों, यह शिखर सम्मेलन मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में जुड़ने, सहयोग करने, नवाचार करने और योगदान देने के लिए सर्वोत्तम वैश्विक मंच प्रदान करता है।

वेव्स भारत की रचनात्मक शक्ति को बढ़ाने के लिए तैयार है, जिससे इसकी स्थिति कंटेंट निर्माण, बौद्धिक संपदा और तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में मजबूत होगी। फोकस में आने वाले उद्योग और क्षेत्र में: प्रसारण, प्रिंट मीडिया, टेलीविजन, रेडियो, फिल्म, एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, ध्वनि और संगीत, विज्ञापन, डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जनरेटिव एआई, ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर), वर्चुअल रियलिटी (वीआर) और एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) शामिल हैं।

क्या आपके कोई प्रश्न हैं? उनका उत्तर यहां देखें!

पीआईबी टीम वेव्स की ओर से वेव्स के बारे में नई घोषणाओं के साथ अपडेट रहें।

वेव्स के लिए अभी पंजीकरण करें।

***********

**एमजी/आरपीएम/केसी/डीवी**

**Release ID:** (Release ID: 2120602) | **Visitor Counter:** 303

Read this release in: English , Urdu , Marathi , Bengali , Assamese , Gujarati , Odia , Telugu , Kannada , Malayalam

Print Page Download PDF